जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228
(कार्यालय)
ई-मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com
Website
:http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2023/9758 दिनांक : 18-08-2023

अति-आवश्यक पत्र

प्रति,

प्राचार्य
समस्त, अशासकीय सामान्य एवं विधि महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- परिनियम 28/17 के अंतर्गत एवं शासी निकाय/प्रबंधन समिति द्वारा चयनित प्राचार्य एवं शिक्षकों के बैंक स्टेटमेन्ट एवं आधार कार्ड की सत्यापित जानकारी भेजने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 13 मई 2023 के पद क्रमांक 01 पर लिये गये निर्णयानुसार सामान्य एवं विधि पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों को परिनियम 28/17 के अंतर्गत एवं शासी निकाय/प्रबंधन समिति द्वारा चयनित प्राचार्य एवं शिक्षकों के बैंक स्टेटमेन्ट एवं आधार कार्ड की प्रति सत्यापित कर समस्त दस्तावेज दिनांक 31.07.2023 तक जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त संबंध में प्राचार्य/प्राचार्या समस्त, अशासकीय महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि, जिन महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्तानुसार वांछित जानकारी आज दिनांक तक जमा नहीं की है वे समस्त महाविद्यालय अतिशीघ्र प्राचार्य से सत्यापित कराकर अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी में डी.सी.डी.सी. विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे उक्त जानकारी आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में प्रस्तुत की जा सके।

आदेशानुसार

कुलसचिव